12/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि अहमदाबाद से लंदन गैटविक जाने वाली फ्लाइट AI171 आज टेक-ऑफ के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अहमदाबाद से दोपहर 1:38 मिनट पर रवाना हुई इस फ्लाइट में बोइंग 787-8 विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से एक सौ उनहत्तर भारतीय नागरिक हैं, तीरेपन ब्रिटिश नागरिक, 1 कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की।

0000000000000000000000

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस दुखद समय में उनकी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

0000000000000000000000

गुजरात में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद, भारतीय रेलवे अहमदाबाद से यात्रियों की सुविधा के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाएगा। एक ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई और दूसरी अहमदाबाद से नई दिल्ली के लिए चलेगी।

0000000000000000000000

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने भारत और विश्व स्तर पर योग को एक परिवर्तनकारी स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला है।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेशनल कैडेट कोर-एनसीसी कैडेट्स को आज नई दिल्ली में सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि एनसीसी अपने कैडेट्स को इस शिखर पर भेजने का फैसला लेने के लिए प्रशंसा की पात्र है।

0000000000000000000000

आज विश्व स्तर पर **"Progress is clear, but there's more to do: let's speed up efforts!"** के थीम के साथ **'बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस'** मनाया जा रहा है। यह दिवस बाल शोषण की गंभीर समस्या को उजागर करता है तथा इसे समाप्त करने के प्रयासों को गति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बचपन सीखने, बढ़ने और सपने देखने पर ही आधारित होना चाहिए, काम करने के बारे में नहीं। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, **"बच्चों को बच्चे ही रहने दें"** तथा जब भी कोई देखे कि किसी बच्चे को उसके मूल अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, तो कार्रवाई करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

राज्य के वित्त, कर, उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स के प्रभारी मंत्री उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज अपने सचिवालय कार्यालय ईटानगर में कर, उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग की एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्ष्ता की। बैठक में राज्य के जीएसटी संग्रह का आकलन करने, जीएसटी व्यवस्था के तहत समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और कर अनुपालन और राजस्व जुटाने को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई।

0000000000000000000000

तवांग जिले के **गांगकारदुंग गोंपा** के पास विकसित कृषि संकल्प अभियान का अंतिम दिन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिला महासचिव किसान मोर्चा दोरजी वांगचू ने स्थानीय कृषि कैलेंडर के अनुसार किसानों को समय पर प्रशिक्षण देने का अनुरोध किया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना इस महीने की 14 तारीख को अरुणाचल प्रदेश के दिग्गजों एवं वीर नारियों के लिए वेस्ट कामेंग जिले के टेंगा वैली मिलिट्री स्टेशन में एक भव्य भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक शामिल होंगे।

0000000000000000000000

एनजीओ आम्या द्वारा आयोजित **विप्रो अर्थियन रीजनल अवॉर्ड** का तीसरा संस्करण आज रोइंग के आंचल समिति हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें **विप्रो अर्थियन सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन प्रोग्राम 2024** में उनके योगदान के लिए युवा छात्रों को सम्मानित किया गया। **"वन फॉर एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन"** थीम पर कार्यक्रम का उद्देश्य हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करना था।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता में आज पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में पर्यटन के विकास पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें संवेदनशील स्थानों पर विदेशी पर्यटकों की आवाजाही पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालीका जिवानी ने आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों द्वारा मानसून और अन्य आपदा प्रबंधन तैयारियों और शमन, आकस्मिक योजनाओं की व्यापक समीक्षा की।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के बिजली मंत्री चाउना मेन ने कल डी.के. कन्वेंशन सेंटर ईटानगर में एक बैठक में बिजली विभाग की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

अपने संबोधन में श्री मेन ने कहा कि बजट 2025 में घोषित ₹2000 करोड़ के मुख्यमंत्री व्यापक राज्य बिजली विकास कार्यक्रम को चार वर्षों में लागू किया जाएगा, ताकि ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को और मजबूत कर दूरदराज और नव निर्मित जिलों में बिजली पहुंचाते हुए शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया जा सके।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने गुरुवार को इटानगर के निर्वाचन भवन में राज्य सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के साथ समन्वय बैठक की। बैठक में सीईओ ने सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक (आईपीआर) से चुनाव संबंधी खबरों के लिए एक समर्पित अनुभाग स्थापित करने, वास्तविक समय अपडेट के लिए आधिकारिक सीईओ-आईपीआर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000